चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
उधम सिंह नगर

आज संपूर्ण विश्व 'कोरोना' रूपी दैत्य के चंगुल में फँसा हुआ है, कोरोना एक एसा वायरस है, जिसने संपूर्ण विश्व के प्रत्येक क्षेत्र में बद् से बद्तर हालात पैदा कर दिये हैं। कोरोना एक एसा वायरस जो विश्व के 70 से ज्यादा देशों में फैल चुका है। वैज्ञानिकों के अनुसार कोरोना वायरस मानव बाल से भी 900 ग्राम छोटा एवं प्रभावी वायरस है। विश्व स्वास्थ संगठन ने इसके घातक परिणाम एवं संक्रमण को देखते हुए इसे महामारी घोषित कर दिया है। इसके संक्रमण से जुकाम से लेकर भवास लेने में तकलीफ जैसी समस्या होती है। अंत में यह बीमारी जानलेवा हो जाती है। इस वायरस से बड़े–बड़े वैज्ञानिक भी अभी तक हार गये हैं। इस वायरस की बीमारी से बचाव के लिए अद्यतन कोई वैक्सीन नहीं बन पाई है। इस बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय सामाजिक दूरी है।

कोरोना महामारी की शुरूवात चीन के वुहान शहर से दिसम्बर 2019 से हुई। भारत में कोरोना महामारी की आहट से भयभीत सरकार ने 24 मार्च को 21 दिनों के लिए पूरे भारत वर्ष को लॉकडाउन में (तालाबन्दी) रहने का आदेश दिया। तालाबन्दी से आशय मनुष्य अपने घरों में कैद हो गए। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के अतिरिक्त जनता कर्फ्यू लगा दिया। और 24 मार्च से पाँच चरणों में यह लॉकडाउन भी अपने रूप बदलता रहा। किन्तु अनेक उपायों के बावजूद भी कोरोना महामारी के संक्रमण में शिथिलता नहीं आई। **"विश्व में 72.91 लाख से अधिक लोग इस वायरस से संक्रमित हो चुके है और 20 लाख से अधिक लोग कालकवलित हो चुके हैं।"**[1]

इन तीन माह की तालाबन्दी ने सामाजिक जीवन के विविध क्षेत्रों को प्रभावित किया। जिन्दगी की रफ़्तार थम सी गई। सामाजिक जीवन में इस लॉकडाउन की अवधि में विभिन्न विमर्श उभरकर आये, जिनको नजर अंदाज न करते हुए उनका बारीकी से अध्ययन करना आवश्यक प्रतीत होता है, विमर्श से अभिप्राय किसी न किसी प्रकार की वार्ता या विचार विवेचन से है, किन्तु साहित्य के संदर्भ में विमर्श शब्द का अर्थ किसी गंभीर विषय का गहन अध्ययन चिंतन, विश्लेशण और तर्कपूर्ण लिए गये निर्णय से हैं। सुधीर पचौरी

के अनुसार—"स्त्रियाँ सिर्फ भावनात्मक तथा बौद्धिक न रहें वह अपना मुकाम [illegible] की सीढ़ी तक जायें।" क्योंकि [illegible] स्त्रियों को [illegible] के लिए उनकी [illegible] शिक्षा [illegible] की यह तक पहुँचाना अति आवश्यक है।

कोरोना काल में यदि नारी वर्ग की चर्चा की जाए तो नारी भी बहुत हद तक इससे प्रभावित हुई है। नारी समाज की [illegible] है, अतः कवि वाल्मीकि ने कहा है—

'पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने
पुत्रो रक्षति वार्धक्ये न स्त्री स्वातंत्र्यमर्हति'

किन्तु आज की स्त्री परतन्त्र नहीं है। उसकी स्थिति में बदलाव आया है। आज की स्त्री जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समाज, राजनीति, औद्योगिक जगत, खेल जगत, बैंकिंग सेक्टर, प्रशासनिक सभी में अपना परचम लहरा रही है, किन्तु ऐसी स्त्रियों का प्रतिशत अल्प ही है। जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में बराबरी की भूमिका निभाती हुई स्त्री को समाज में आज भी दोयम दर्जा ही प्राप्त है। मानसिक रूप से वह पुरुष की दासी ही रहती है। आज स्त्री आर्थिक मजबूती लाने में सक्षम भले ही हो गई है, किन्तु उस पर घर की जिम्मेदारियाँ पूर्ववत् बनी हुई है। अपनी भूमिका का सफल निर्वाह न करने पर वह परिवार और समाज दोनों में ही सम्मान की हकदार नहीं होती है। किन्तु **"नारी को पुरुष की सहयोगी बनना है प्रतियोगी नहीं, अधिकारों का अर्जन ही वह लक्ष्य है जिसके लिए हमें अपने आप से और अपने से बाहर के मोर्चों पर दोहरा संघर्ष करना होगा।"**

कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन की अवधि में स्त्री का दायित्व दोहरा हो गया है। कामकाजी महिलाओं के लिए शुरूआती दौर तो कुछ हद तक विश्राम देने वाला था, किन्तु जैसे–जैसे शिक्षा, एवं अन्य कार्यालय में 'वर्क फ्रॉम होम' का प्रचलन हुआ, स्त्री का कार्य भार भी दोगुना हो गया। जो स्त्री घर के कामकाज निपटा कर कार्यक्षेत्र में कार्य करने घर से बाहर निकलती थी, और कुछ समय अपने सहकर्मियों के साथ समय व्यतीत करती थी, वही स्त्री परिवार के सदस्यों की नित्य नवीन भोजन की फरमाइशों की पूर्ति करने लगी। यद्यपि सभी परिवारों में यह स्थिति नहीं होती तथापि अधिकांश परिवारों में यह स्थिति देखने को मिलती। किन्तु अपने स्वाभाविक गुणों के कारण स्त्री उस पर भी संतोष व्यक्त करती रही। कहीं–कहीं पर स्त्रियों ने इस अवधि में डॉक्टर, नर्स, आँगनवाड़ी कार्यकर्त्री, पुलिस समाजसेवी के रूप योद्धा की भाँति रात दिन अपने स्वास्थ्य की परवाह किये बिना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किन्तु खेद का विषय यह रहा क्वारंटाइन श्रेणी में, महिला होने का दंश भी उन्हें

झेलना पड़ा। [illegible]

[illegible]

[illegible] पड़ी।

मजदूरों की यह स्थिति [illegible] पड़ा था। [illegible] फैक्टरी का ऐलान भी कर रही है। किन्तु यह समस्या तभी दूर हो सकती है जबकि मजदूर को वास्तव में इसका लाभ मिले।

कोरोना काल में सबसे अधिक विमर्श करने योग्य वर्ग है, युवा वर्ग। यह एक ऐसा वर्ग जो बेरोजगार बैठा हुआ है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है, किन्तु परीक्षाएं स्थगित हो गई है, और देश की निरन्तर डूबती अर्थव्यवस्था उनके भविष्य के स्वप्नों को पूर्ण करने में पूर्णत: अक्षम सी दिखाई दे रही है। देश में जारी लॉकडाउन के बीच बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार हुए हैं सेंटर फॉर मॉनीटियरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) ने बताया कि "देश में 20 से 30 साल आयु वर्ग के 2 करोड़ 70 लाख युवाओं को अप्रैल में नौकरी से हाथ धोना पड़ा.....पचास दिनों के लॉकडाउन के बीच देश की कई कंपनियों और बिजनेस को घाटा हुआ। डाटा के अनुसार नौकरी खोने वाले 11 फीसदी लोग 20–24 वर्श की आयु के युवा थे, इसमें 2019–20 में कुल रोजगार पाने वाले लोगों का यह 8.5 फीसदी 2019–20 में 3 करोड़ 42 लाख युवा पुरूष और महिलाओं को रोजगार हासिल था। अप्रैल 2020 में इनकी संख्या घटकर 2 करोड़ 9 हजार रह गई।"[4] उक्त आकड़ों से इन बेरोजगार युवओं की मनोदशा वास्तव में शोचनीय है। लॉकडाउन की इस अवधि में नशे में लिप्त नवयुवक युवतियाँ जो अपने परिवार से दूर रहकर स्वतंत्र जीवन जीने के आदि हो गये थे। तालाबन्दी के कारण इन शौकों की पूर्ति न होने के कारण अवसाद ग्रस्त हो गये। यहाँ तक कि आत्महत्या करने पर भी उतारू होने लगे। दूसरी ओर इस तालाबन्दी का सकारात्मक पहलू यह था कि जो अपने परिवार से विवशता वश दूर हो गये थे। उनकी वापसी से पारिवारिक संबन्धों में मजबूती आयी। परन्तु जीविका प्रश्न उनके जीवन में कहीं न कहीं हताशा और नैराश्य पैदा करने वाला था।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 'डिप्रेस्ड' क्लास का हिन्दी पर्याय दलित शब्द जो वर्तमान में राजनीतिक आंदोलन एवं साहित्य से जुड़कर एक विशिष्ट अर्थ का द्योतक है। दलित से अभिप्राय–"दलित वह है जिस पर अस्पृष्यता का नियम लागू किया गया है। जिसे कठोर और गंदे कार्य करने के लिए बाध्य किया गया है। जिसे स्वतंत्र व्यवसाय करने से मना किया गया और जिस पर गैर अछूतों ने सामाजिक निर्योग्ताओं की संहिता लागू की, वही और केवल वही दलित हैं और इसके अन्तर्गत वही जातियां आती हैं जिन्हें अनुसूचित जातियाँ कहा जाता है।"[5]

इस लॉकडाउन की अवधि में दलित विमर्श भी देखने को मिला जो प्रवासी कोरोना संक्रमण से संक्रमित क्वारंटाइन केन्द्रों में रखे गये वहाँ उँच–नीच का भेद पनपा। कई स्थानों पर निम्न जाति के हाथ का बना भोजन न करने की समस्या दिखाई दी एवं अल्पसंख्यकों के साथ सामंजस्य न होने



के मामले प्रकाश में आये। क्वारंटीन केन्द्रों में जिम्मेदार डॉक्टरों पुलिस कर्मियों के प्रति हिंसात्मक रवैया अपनाया गया। अत: लॉकडाउन अवधि में जाति भेद और वर्ग भेद से पनपी समस्याओं को दूर करने के लिए विचार विमर्श आवश्यक है।

कोरोना काल में यदि कहीं परिवर्तन का नया रूप दिखाई दिया तो वह है, ललित कलाएँ। ललित कला के अंतर्गत आने वाली सभी विधाओं ने अपनी अभिव्यक्ति के स्वरूप बदले साहित्य के संदर्भ में कहा भी गया है–"साहित्य मानव मन की अभिव्यक्ति एक विशिष्ट संपत्ति होती है। जिसमें समाज का प्रतिबिंब उभरता है। समाज और राष्ट्र नष्ट हो सकते हैं किन्तु साहित्य चिर स्थायी रहता है। साहित्य के साधक साहित्य के उद्यान को अपनी मधुर भावना से सींचते हैं। उसके आधार भूत भास्वत मूल्यों की मधुर गंध से मानव का मन सदा प्रफुल्लित रहता है।"[6]

साहित्यकारों ने डिजिटल दुनिया में कदम रखा। आए दिन फेसबुक, जूम, यूट्यूब, व्हाट्सैप आदि के माध्यम से नित्य नये सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। कवियों ने जनता को इस समय बहुत अधिक मनोरंजन प्रदान किया और कोरोना विषय से जुड़े विषयों को नूतन अभिव्यक्ति प्रदान कर मानव मन के अवसाद को दूर कर उर्जा का संचार किया। चित्रकला प्रतियोगिता संगीत, प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता आदि के आयोजन से मानव के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया है। यद्यपि इसमें गुणवत्ता में तो कमी आई है, जो लोग तकनीकी ज्ञान में कुशल थे निसंकोच आगे बढ़ रहे हैं। किन्तु जो तकनीकी ज्ञान में अकुशल हैं उनकी प्रतिभाएँ कुंठित हो रही हैं। यद्यपि लॉकडाउन की अवधि में बुजुर्ग से बुजुर्गों ने डिजिटल माध्यमों से जुड़ने का प्रयास किया है। यह कहना अति उक्ति नहीं होगी, कि अगर कोरोना के प्रभाव को किसी ने मात दी है तो वह है डिजिटल दुनिया। जिसने जीवन की रफ्तार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कम्प्यूटर नैटवर्किंग के क्षेत्र में ऐसे विकसित एप संज्ञान में आये जिससे शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन आया। ऑनलाईन कक्षाएँ संचालित की गई। जिससे कुछ हद तक समय का सदुपयोग हुआ और ज्ञान में वृद्धि हुई, किन्तु कहीं–कहीं पर इन्टरनेट की सुविधा न होने पर छात्रों को इस लाभ से वंचित होना पड़ा। शिक्षा के क्षेत्र के अतिरिक्त इन ऐपों द्वारा सामाजिक दूरी के चलते सामाजिक संबन्ध स्थिर रहे। अपने रिश्तेदार मित्रों से संबन्धों को जीवन्त और पुर्नजीवित करने का एक मात्र जरिया इंटरनेट ही रहा। डिजिटल माध्यमों का योग, स्वास्थ और व्यंजनों की जानकारी के लिए भी भरपूर प्रयोग किया गया।

पढ़ाई में यद्यपि इनके प्रयोगाधिक्य से कम आयु के बच्चों पर कक्षा कार्य और गृह कार्य के अधिभार से नेत्रों की रोशनी प्रभावित हुई। जिस समय में बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास व ऊर्जा का संचरण होना चाहिए था। यह समय बच्चों का ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन के कारण मोबाइल तक सिमट कर रह गया।

कोरोना काल में जनमानस का झुकाव पुनः अपनी संस्कृति की ओर बढ़ा। पाश्चात्य के अंधानुकरण के कारण निरंतर पतित हो रही संस्कृति को पुर्नस्थापित करने के लिए टीवी में रामायण, महाभारत, विष्णु पुराण एवं जय कृष्णा जैसे धार्मिक धारावाहिक कार्यक्रमों का प्रसारण हुआ, जिससे दोनों पीढ़ी एक साथ बैठकर देखे व अनुकरणीय आदर्शों को आत्मसात् कर सके।

लॉकडाउन काल में सत्ता के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता और मीडिया की भूमिका सर्वाधिक रही। कोरोना से संबंधित समस्त तथ्यों की जानकारी देकर मानव को कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक करने में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान है। पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को कोरोना योद्धा का नाम दिया गया, किन्तु जहां एक ओर स्वस्थ और पारदर्शी मीडिया ने अपना प्रभाव छोड़ा, वहीं कुछ चैनल एवं समाचार पत्र राजनीतिक भावना से प्रेरित दिखाई दिए। जिसने मानवीय संबन्धों में भेदभाव और वैमनस्य का जहर घोला।

लॉकडाउन के इस काल में यद्यपि सम्पूर्ण क्षेत्रों के विकास की गति में ह्रास दिखाई दिया किन्तु प्रकृति के लिए यह वरदान सिद्ध हुआ। आंकडो के अनुसार इन 60 दिनों में पर्यावरण शुद्ध हुआ। विगत वर्षों में अनियन्त्रित विकास की गति ने पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ दिया था, वाहनों औद्योगिक इकाइयों विद्युत उपकरणों कचरे आदि को जलाने से जो वायुमण्डल दूषित हुआ था जिसके लिए कई मुहिम चलायी गई थी देश में लॉकडाउन के परिणामस्वरूप वायु की गुणवत्ता बढ़ी, नदियों का जल स्वच्छ, ध्वनि प्रदूषण का स्तर न्यूनतम व तापमान में गिरावट आई। प्रकृति अपने पुरातन स्वरूप में निखर कर आई, धूमिल आकाश पुनः स्वच्छ दिखाई देने लगा। अतः पर्यावरण का यह सकारात्मक रूप किसी चमत्कार से कम नहीं है।

आवश्यकता है इस पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाने होगें वाहनों की संख्या कम करनी होगी। औद्योगिक इकाइयों पर सख्ती बरतनी होगी, मानव को व्यवहार में परिवर्तन लाना होगा, वृक्षों का कटान रोकना होगा, सरकार को प्रतिवर्श पन्द्रह या बीस दिन का हानि लाभ का विचार किये बिना सुनियोजित लॉकडाउन करना चाहिए।

कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन ने मानव जाति को हिला कर रख दिया,आर्थिक और सामाजिक ढाँचा विकृत हो गया। शासन सत्ता को कोरोना ने किंर्कतव्यविमूढ़ कर दिया, शिक्षा, रोजगार, कृषि,पर्यटन आदि क्षेत्रों में जो स्थिरता आई है उसे पटरी में लाने में कई वर्शों तक संघर्ष करने पडेगें। इस कोरोना काल में आयी विविध चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार को विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय कमेटी का गठन करना होगा, आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने एवं समस्याओं के निराकरण हेतु बन्द कमरों में नीति निर्धारण न करके जड़ों तक पहुंचना होगा। प्रत्येक जनमानस से जुड़े विमर्शों पर गहनता से विचार करना होगा। राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को इस चुनौती को स्वीकार करना होगा। एवं देश के विकास में अपना योगदान देना होगा।

## संदर्भ सूची


1. जनसत्ता 11 जून 2020
2. वाक् 2007, अंक–3 पृष्ठ–225
3. उमा भुयल, भारतीय नारी, अस्मिता की पहचान, पृष्ठ–25
4. प्रभा खेतान, स्त्री उपेक्षिता, पृष्ठ– 361
5. https//moneybhaskar.com
6. सम्पादक कवल भारती, युद्धरत आम आदमी, अंक वर्ष 1996 पृष्ठ–41
7. डॉ. सन्त कुमारी श्रीवास्तव, भारतीय संस्कृति, पृष्ठ–43

ISBN: 978-81-945451-3-2

प्रकाशक : एकेडमिक पब्लिशिंग नेटवर्क
16-ए, मंडावली / फजलपुर
मंडावली, दिल्ली–110092

शाखा: कयाकुचि, बरपेटा, असम– 781352

संस्करण : 2020

मूल्य: ₹ 650

© प्रकाशक

आवरण : जितेन्द्र पुरी

कम्प्यूटर कम्पोजिंग : शिव शक्ति इंटरप्राइजेज
नई दिल्ली–110018

मुद्रक : कॉमेट प्रिंटर्स, दिल्ली–110002

मोबा. : 7578245992, 9667062977

ई-मेल : apnetwork18@gmail.com

वेबसाइट: https://academicpublish.in/

**Sahitya Sanskriti Ka Naya Daur**

Book Ed. by Dr. Jahidul Dewan, Dr. Anuruddha Bayan, Pushpa Kumari

For Madhya Kamrup College and Shodhsamvad-Research Forum published by Academic Publishing Network

## Foreword

At the very outset, warm greetings to all the academicians involved in this research publication. This collection is a fruitful outcome of the three days international webinar on Present Global Scenario of Indian Language, Literature, and Culture from 22nd to 24th June, this year, which was conducted jointly by Madhya Kamrup College, Sukha, Chenga, Barpeta, Assam and Shodhsamvad-Research Forum, New Delhi. I am privileged to be an active part of this grand webinar and consider myself fortunate enough to be able to offer a space for a great number of national and international academicians.

Besides, my happiness and excitement know no bounds when I came to know about the progress of this collection of research papers within a very short period of time. I thank all the members in the publishing committee for their commendable efforts and commitment towards this publication and congratulate them on their grand success. Even a bird's eye view on the theme of the webinar would prove its worth since it deals with the language, literature, and culture of India in the contemporary global context. All the papers selected for this publication centers around the theme of the webinar and they are academically much worthy.

I hope that this book would be a significant contribution towards creation of systematic study about language, literature, and culture of India in the contemporary global context and help the researchers widely in times to come.

**Dr. Gopesh Kumar Sarma**
Principal
Madhya Kamrup College

# भारतीय भाषा साहित्य और संस्कृति: एक अध्ययन

सम्पादक: डॉ. अनुरुद्ध बायन, नीरज शर्मा, शकीला

## नीरज शर्मा

20 अक्टूबर 1993 ई. को अलीगढ़ में जन्मी ... [illegible]

## शकीला

10 जून 1992 को ... [illegible]

₹650.00

ISBN: 978-81-945451-1-8

प्रकाशक : एकेडमिक पब्लिशिंग नेटवर्क

16–ए, मंडावली / फज़लपुर

मंडावली, दिल्ली–110092

शाखाः कयाकुछि, बरपेटा, असम– 781352

संस्करण : 2020

मूल्यः ₹ 650

© प्रकाशक

आवरण : जितेन्द्र पुरी

कम्प्यूटर कम्पोजिंग : शिव शक्ति इंटरप्राइजेज

नई दिल्ली–110016

मुद्रक : कॉम्पैक्ट प्रिंटर्स, दिल्ली–110002

मोबा : 7678245992, 9667062977

ई–मेलः apnetwork18@gmail.com

वेबसाइटः https://academicpublish.in/

**Bhartiya Bhasha Sahitya Aur Sanskriti: Ek Adhyayan**

Book Ed. By Dr. Anuruddha Bayan, Neeraj Sharma, Shakeela

For Madhya Kamrup College and Shodhsamvad-Research Forum published by Academic Publishing Network

# विषय–सूची


| | | | |
|---|---|---|---|
| | भूमिका | संपादक मंडली | 7 |
| 1. | सिंगापुर में भारतीय भाषा, साहित्य और संस्कृति की स्थिति | डॉ. संध्या सिंह | 11 |
| 2. | भारत और भारतीय संस्कृति | अंशु भटनागर | 18 |
| 3. | लोक–संस्कृति और भारतीय समाज | प्रियंका कुमारी | 24 |
| 4. | हिंदी साहित्य में स्त्री–संबंधी दृष्टिकोण : एक पुनरावलोकन | दीप्ति | 29 |
| 5. | भारत की भाषायी एवं सांस्कृतिक विविधता | डिगेश्वर साहू | 37 |
| 6. | भारत में अलगाव बोध के विविध रूप | दीक्षा मेहरा | 43 |
| 7. | हिन्दी भाषा, साहित्य पर वैश्वीकरण का प्रभाव | डॉ. अनिता जोशी | 52 |
| 8. | साहित्य और संस्कृति का अंतर्संबंध | जगवती | 58 |
| 9. | वैश्वीकरण के दौर में भारत | जितेंद्र शर्मा | 64 |
| 10. | भारतीय भाषा, साहित्य, संस्कृति का आख्यान | कल्पना जैन | 73 |
| 11. | भाषा, समाज और संस्कृति का अन्तः सम्बन्ध | निधि तिवारी | 94 |
| 12. | पत्रकारिता और मानवीय मूल्य | संदीप कुमार शर्मा | 99 |

# भारत में अलगाव बोध के विविध रूप

दीक्षा मेहरा
शोधछात्रा
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

आज मनुष्य अपने को सभी सार्थक संबन्धों से कटा हुआ अनुभव कर रहा है। अलगाव बोध उसकी मानसिकता का एक अपरिहार्य अंग बनता जा रहा है। वह निरंतर तनाव, कुण्ठा, भय अकेलेपन में जीने के लिए विवश होता जा रहा है। वर्तमान समय में तो कोरोना महामारी की विकट परिस्थितियों के कारण समाज में पहले से व्याप्त इस अलगाव बोध ने एक गंभीर समस्या का रूप धारण कर लिया है। हालांकि भारतीय समाज में स्वतंत्रता के बाद के दशकों से ही अलगाव बोध महसूस होने लगा था। कतिपय विद्वान, मनोवैज्ञानिक अलगाव बोध का प्रयोग मनुष्य के अकेलेपन, पार्थक्य, आत्म निर्वासन, अजनबीपन, सामाजिक संबन्धों में बिखराव, एकाकीपन, परायापन, कुण्ठा, निराशा, संत्रास, विरक्ति, विमुखता, उदासीनता आदि के संदर्भों में करते आये है। लेकिन लगातार सामाजिक सम्बन्धों में बिखराव और सामाजिक जीवन से दूर भागते हुए स्वयं के अस्तित्व की खोज से उत्पन्न अलगाव की यह स्थिति पहले से ही विद्वत जनों के बीच चिंता का विषय बनी हुई थी। इस वर्ष कोरोना महामारी से उत्पन्न अराजक परिस्थितियों के कारण लगभग सभी स्वतंत्र जीवन जीने के अभिलाषी मनुष्यों को कहीं न कहीं अलगाव महसूस हुआ है। इस समय मनुष्य को केवल सामाजिक, शारीरिक, आर्थिक, क्षेत्रीय अलगाव ही नहीं झेलना पड़ रहा है बल्कि वह वैचारिक और मानसिक धरातल पर भी अलगाव से त्रस्त है। उदाहरण स्वरूप एक ऐसे व्यक्ति को देख सकते हैं जो स्वछंद जीवन की अभिलाषा से घर से दूर महानगर में नौकरी करने गया है। इस महामारी के चलते वह अपनी नौकरी गंवा देता है, जिस राज्य में वह अभी तक पूरे आनन्द के साथ जीवन जी रहा था, अचानक वह राज्य उसे अजनबी लगने लगता है, वहां उसके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होने लगता है। वह कुछ भी करके अपने राज्य लौट आना चाहता है। अनेक कठिनाईयों के बाद जब वह अपने राज्य में कदम रखता है, तो उसके अपने लोग महामारी के भय से उसे वह अपनापन नहीं दे पाते, जिसके लिए वह अपने घर आने के लिए इतना व्याअकुल था। उसे 14 दिन का एकांतवास में रखा जाता है। फिर कहीं जाकर अपने अपने परिवार, सगे संबंधियों, मित्रों

से मिल पाता है। धीरे–धीरे उसे यहां भी घुटन होने लगती है। जिस स्वछंद जीवन का वह आदि हो गया था वह स्वतंत्रता उसे यहां किसी भी तरह नहीं मिलती। परिवार का जो लगाव उसे यहां खींच लाया था वह धीरे–धीरे वैचारिक अलगाव में बदलने लगता है। कहने का तात्पर्य यह है कि इस समय व्यक्ति कई तरह से अलगाव महसूस करने के लिए विवश हो गया है। इस महामारी को लड़ने हेतु अलगाव का प्रमुख रूप है–'देह से देह' का अलगाव। इस अलगाव के परिणामस्वरूप व्यक्ति सबसे ज्यादा अकेलेपन का शिकार हुआ है। व्यक्ति अकेलेपन के संदर्भ सुरेन्द्र मोहन खोसला लिखते हैं– "अकेलापन समाज के सम्पर्क विहीन होने की स्थिति है। यह सही रूप में न समझे जाने की पीड़ा से उद्भूत अलगाव संबन्धी भाव है। समाज में रहता हुआ व्यक्ति स्वयं को समाज में अकेला पड़ गया अनुभव करता है। अथवा अकेला रहना उसकी पसन्द बन जाता है। इस प्रकार अकेलेपन के दो रूप हैं– परिस्थितिजन्य अकेलापन एवं स्वभावगत अकेलापन। परिस्थितिजन्य अकेलापन व्यक्ति की विवशता है, जबकि स्वभावगत अकेलापन उसका चयन।"

वर्तमान समय में व्यक्ति परिस्थितिजन्य अकेलेपन का शिकार हुआ है, क्योंकि कोरोना नामक बीमारी से बचने अथवा लड़ने के लिए शारीरिक दूरी का एहतियात बरतना बेहद जरूरी है। वैश्विक महामारी कोरोना (2019–2020) की शुरूआत चीन के वुहान शहर से दिसंबर 2019 से शुरु हुई। इसे 'कोविड–19' नाम दिया गया। इस वैश्विक महामारी ने सम्पूर्ण विश्व में कहर बरसाया है। इसकी विभीषिका का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 'विश्व में 72.91 लाख से अधिक लोग इस वायरस से संक्रमित हो चुके हैं और 20 लाख से भी अधिक लोग काल–कवलित हो चुके हैं।' भारत में भी इसका संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार और प्रशासन की ओर से इस महामारी को रोकने के लिए लगातार जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी जी ने 22 मार्च को 'जनता कर्फ्यू' की अपील की। 24 मार्च की देर शाम 21 दिनों के देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की, जो पूर्ण रूप से 14 अप्रैल तक जारी रहा। इसी बीच प्रधानमंत्री जी ने 5 अप्रैल को रात 9 बजे दीप जलाने की अपील भी की। इसके पश्चात् 15 अप्रैल से 3 मई तक 19 दिन का लॉकडाउन का द्वितीय चरण प्रारम्भ हुआ। तत्पश्चात् 4 मई से 17 मई तक तृतीय लॉकडाउन की घोषणा की गई। फिर 18 मई से 31 मई तक लॉकडाउन का चतुर्थ चरण रहा। इस बीच कोरोना वायरस के तेजी से बढ़ते मामलों के कारण आम जनता में शंका और भय गहराने लगा आम जन



बाजार से सब्जी या दूध के पैकेट को छूने तथा अन्य दैनिक उपयोग की सामग्रियों को छूने से भी डरने लगे। इस माहौल में लोगों की घबराहट बढ़ने लगी। तनाव के कारण बहुत से लोगों को नींद न आने की शिकायतें भी आने लगी। इसके साथ ही समाज में विविध प्रकार की अफवाहें भी लगातार फैलती गई। इसका असर निजी जीवन, परिवार, समाज देश और दुनिया हर स्तर पर दिखाई देने लगा। कोरोना संक्रमण को रोकने के विविध प्रयासों के बावजूद भारत में निरंतर कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है। 'भारत में कोरोना महामारी से संक्रमितों की संख्या 2.87 के लगभग पहुंच गई है। अब तक 8,102 लोगों की कोरोना के कारण मृत्यु हो चुकी है।'

समाज का निर्माण मनुष्य के परस्पर अत: सम्बन्धों से होता है। जब समाज में परिवर्तन होता है, तो व्यक्ति उससे अछूता नहीं रह सकता। इस वर्ष कोरोना महामारी के कारण भारतीय समाज में विविध परिवर्तन दिखाई देते हैं, इन परिवर्तनों ने समाज में धीरे–धीरे अलगाव के विविध रूपों को जन्म दिया हैं। कई वर्षों से बार–बार यह कहा जा रहा था कि सोशल मीडिया के इस दौर में लगातार डिजिटल संपर्क के बावजूद हम सब अकेले होते जा रहे हैं। हमारी वर्चुअल दुनिया हममें घर–परिवार, पास–पड़ोस की वास्तविक दुनिया से अलगाव का भाव पैदा कर रही है। जिसके कारण व्यक्ति अलगाव का दंश झेलने को विवश होता जा रहा है। एक हद तक यह बात सच भी थी, लेकिन अगर पूरी तरह सच होती तो वर्तमान समय में उभरते इस अलगाव से निपटना हमारे लिए इतना मुश्किल न होता। मोबाइल फोन और इंटरनेट की बदौलत यह वर्चुअल दुनिया आज भी हमें उपलब्ध है लेकिन उससे हमें कोई निजी राहत भी नहीं मिल पा रही है। लॉकडाउन ने हमें व्यावहारिक दृष्टि से ही नहीं मनोवैज्ञानिक तौर पर भी वास्तविक दुनिया की अहमियत का अहसास कराया है। वैसे तो अलगाव बोध हमारे लिए कोई नया भाव नहीं हैं, उसकी कई शक्लें हमने पहले से देखी हुई हैं। भले ही यह अलगाव विदेशों में जीवन यापन करने वाली संतानों के वृद्ध माता–पिता हो, या किसी व्यक्ति विशेष को गंभीर बीमारी के चलते अस्पताल के कमरे में महसूस हुआ हो, या फिर अचानक बेरोजगारी के कारण किसी को इसका बोध हुआ हो आभास हुआ हो। लेकिन वर्तमान समय में कोरोना के कारण उत्पन्न जिस अलगाव की हम बात कर रहे हैं, यह जीवित मानवीय स्मृति का सबसे अनूठा अलगाव बोध है, जिसे हर व्यक्ति अलग–अलग शक्ल में महसूस कर रहा है।

अलगाव के इन विविध रूपों का गंभीरता से अध्ययन किया जाए तो इसकी शुरूआत भारत में पारिवारिक विघटन से शुरू होती है। इसका

कारण यह है कि स्वतंत्रता से पूर्व भारतीय समाज कृषि–प्रधान था और इस कृषि–प्रधान समाज में संयुक्त परिवारों का प्रचलन था। स्वातंत्र्योत्तर समाज में तीव्रता से औद्योगीकरण का विकास हुआ। संयुक्तर परिवार के सदस्य रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने लगे। शहरों में आने के बाद व्यकक्ति को कई प्रकार के संघर्षों का सामना करना पड़ा। निजी संघर्ष के चलते वह अपने परिवार से कटता गया। जहां एक ओर उस व्यक्ति के परिवार को अलगाव का बोध हुआ वही स्वयं वह व्यक्ति भी परिवार के अभाव में अकेलापन महसूस करने लगा। धीरे–धीर स्वतः आपसी संबन्धों की घनिष्ठता कमजोर पड़ने लगी, यही से शुरू हुआ पारिवारिक अलगाव बोध। इस वर्ष कोरोना महामारी के परिणामस्वरूप मनुष्य और मनुष्य के बीच संदेह और भय की दीवार खड़ी हुई है। न जाने किस मित्र, किस परिजन, किस रक्त संबंधी के रूप में कोरोना का आक्रमण होगा यह भय पहले से ही कमजोर पड़ चुकी पारिवारिक सामाजिक व्यवस्था को तोड़ने का कार्य कर रहा है। नगरीय समाज को तो फिर भी एकल परिवारों का अनुभव है, किंतु ग्रामीण समाजों में जहां कहीं–कहीं अब भी संयुक्त परिवार जीवित है कोरोना के द्वारा थोपे गए इस सन्देह जनित एकांत ने उनमें भी अलगाव की दरार डालना शुरू कर दिया है। आजकल आय दिन समाचार पत्रों में ऐसी खबरों की भरमार रहती है जिसमें बताया जाता है कि कोरोना के भय से एक मां अपने प्रवासी बेटे को घर की दहलीज में नहीं घुसने देती, सगी बहन अपने विकलांग भाई को आता देखकर दरवाजा बन्द कर देती है। गांव वाले अपने ही गांव वापस लौट रहे प्रवासियों का विरोध करते हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं के साथ बढ़ती घरेलू हिंसा, वैचारिक टकराव, वृद्धों से अलगाव एवं उपेक्षा के भाव की दिखाई देने लगे हैं।

औद्योगीकरण के कारण ही समाज में पूंजीवाद का जन्म हुआ था। अर्थ की महत्ता बढ़ने के कारण व्यक्ति में भौतिकतावादी चेतना विकसित हुई। धीरे–धीरे व्यक्ति अर्थ के बल पर सुखी जीवन जीने की कल्पना करने लगा। परिणामस्वरूप परम्परागत सामाजिक मूल्यों के प्रति उसकी आस्था कम होने लगी, उसे सामाजिक मर्यादाओं का पालन करने में कठिनाई महसूस होने लगी। जीवन और व्यावहारिक मूल्य सार्थकता खोने लगे। बहुत जल्दी व्यक्ति परम्परागत मूल्यों के प्रति अलगाव महसूस करने लगा। वह दौर आने में देर न लगी जब नयी पीढ़ी परम्परागत मूल्यों के प्रति अनास्था महसूस करने लगी, और पुरानी पीढ़ी परम्परागत मूल्यों के प्रति समर्पित थी। एक ओर नयी पीढ़ी ने परम्परागत मूल्यों को अस्वीकार करना शुरू किया तो दूसरी ओर पुरानी पीढ़ी ने नयी पीढ़ी पर उन्हीं मूल्यों को

अपनों से दूर नहीं किया है, हमारे पास ऐसे माध्यम उपलब्ध हैं जिनकी सहायता से हम अपनों से बात कर इस वैयक्तिक अलगाव को कम कर सकते हैं। लेकिन आज हमारी वास्तविकता यह है कि हम इतनी विशाल दुनिया में किसी से जुड़ा हुआ महसूस नहीं कर रहे हैं और अकेलेपन में जी रहे हैं। ऐसा नहीं है कि दुनिया हम से नहीं जुड़ पा रही है, बल्कि हम स्वयं को दुनिया से नहीं जोड़ पा रहे हैं। हम यह चाहते हैं कि सब हमसे जुड़ जाएं। मगर किसी से जुड़ने की पहल हम नहीं करते। इस वैयक्तिक अतिशयता के कारण व्यक्तिक जीवन में विसंगति, अस्थिरता, यांत्रिकता–सी आ गई है। वह अपने को अकेला समझने लगा है। पूंजीवादी भौतिक जीवन–दृष्टि से मनुष्य की स्थिति यंत्र जैसी होती जा रही है। सुख–सुविधाओं को प्राप्त करने और समाज में अपनी एक अलग सत्ता बनाने में ही उसका संपूर्ण समय व्यतीत हो रहा है। स्थिति यह है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी दुनिया में विविध समस्याओं को अकेले झेलते हुए जी रहा है। इस कारण समकालीन परिवेश में अलगाव के साथ अब अजनबीपन का बोध भी होने लगा है।

अलगाव और अजनबीपन के साथ जीवन संबन्धी अनिश्चितता और भविष्य की चिंता ने व्यक्ति में तनाव और भय जाग्रत किया है। भय के आंतरिक रूप को ही साहित्य जगत में संत्रास कहा जाता है। "संत्रास विषम परिस्थितियों के मध्य संघरणशील मानव के मन की असन्तोष और भय से मिश्रित दुख मूलक मनः स्थिति है।" व्यक्ति में संत्रास बोध के अंतर्गत पीड़ा, निराशा, भय, कुण्ठाण, असन्तोष, पराजय संशय और आतंक विद्यमान होता है। अत्यधिक संत्रास से व्यक्तित्व, विघटन की संभावना बढ़ जाती है। वर्तमान समाज में संत्रास ने व्यक्तित्व को असंतुलित कर दिया है। ऐसा लगता है कि बाह्य और आंतरिक जीवन में जितना अंतर वर्तमान समय में आ गया है, शायद इससे पहले कभी इतना अंतर न रहा होगा। संत्रास की स्थिति में तीन प्रकार की व्यक्तिगत प्रतिक्रिया देखी गई है– संघर्ष, पलायन एवं पराजय। आज युवा वर्ग और कोरोना महामारी के दौरान रोजगार खो चुके लोगों में जीवन के प्रति अनिश्चितता का भाव पैदा हो रहा है। इससे भी दुखद स्थिति यह है कि आज की युवा पीढ़ी में परिस्थितियों से संघर्ष के बजाय पलायन की प्रतिक्रिया अधिक दिखाई देती है क्योंकि उसके सामने न सामाजिक मूल्य हैं, न ही कोई आदर्श। पलायन स्वयं से अलगाव की एक स्थिति है, जो मृत्युबोध को जन्म देती है। लगातार यदि समाचारों पर नजर डाले तो आत्महत्या के बढ़ते मामले इसकी पुष्टि करते दिखाई हैं।

मृत्युबोध की स्थिति में मनुष्य की जीवन के प्रति आस्था खत्म हो



जाती है। भले ही समकालीन मनुष्य ने ईश्वर के अस्तित्व को पूरी तरह नकारा नहीं है, किन्तु ईश्वर के प्रति उसकी आस्था में कमी जरूर आयी है। वह अपनी बौद्धिक क्षमता को अधिक महत्व देने लगा है। अपनी सारी इच्छाओं की पूर्ति वह अपने जीवन–काल में चाहता है। इसके लिए वह निरंतर संघर्ष करता है, लेकिन वर्तमान समय में व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध जीने की संभावनाएं ही अधिक हैं। जीवन की अनिश्चितता, अत्यधिक संघर्ष एवं इच्छित लक्ष्य की प्राप्ति न होने के कारण मृत्युबोध की संवेदना का विकास हुआ है। इसका एक कारण यह भी है कि व्यक्ति कुछ हद तक स्वयं से भी कट गया है।

आज के कोरोना काल में एक बार फिर साम्प्रदायिक अलगाव का बोध होता है। आज भी हमारे देश में कुछ शक्तियां ऐसी हैं, जो सदा से समुदायों के बीच दूरी एवं द्वेष पैदा करके उनमें अलगाव बढ़ाने की कोशिश करती रही हैं। इन शक्तियों ने कोरोना वायरस को भी सांप्रदायिक एजेंडे के रूप में इस्तेमाल किया है। ये शक्तियां मीडिया की मदद से कोरोना वायरस को फैलने का जिम्मेदार मुस्लिम समुदाय को ठहराने में सफल रही हैं। इस बीमारी से लड़ने के लिए शारीरिक दूरी का एहतियात बरतना जरूरी बताया गया है। इसी मौके का फायदा उठा कर इन्होंने छुआछूत और सामाजिक अलगाव को बढ़ाव देने की कोशिश की है। मुसलमानों से सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का अभियान चलाया। इस तरह कोविड–19 के इर्दगिर्द हमें इस्लामोफोबिया जैसा खतरनाक सांप्रदायिक अलगाव भी की देखने को मिलता है। भारत में इस मुद्दे को लेकर कुत्सित राजनीति भी की गई। इस संदर्भ में स्कंदशुक्ल ने हिन्दुस्तान में छपे एक लेख में लिखा है– "विषाणु भी अपने जीवन और प्रजनन के लिए लड़ रहा है और मनुष्य भी। यह दो विरोधी अस्तित्वों के बीच का महाभारत है। मनुष्य इतना स्वार्थी है कि वह सूक्ष्म शत्रुओं को पहचानने में चूक करता है। वह इतना मूर्ख है कि वह धर्म, जाति, नस्ल, देश और लिंग के नाम पर लड़ा–भिड़ा करता है। सूक्ष्मताओं के साथ एक समस्या है, उनके साथ आप राजनीति सीधे तौर पर नहीं खेल सकते। पर राजनीति खेलना तो सबसे उन्नत टामइपास है। सो सूक्ष्म शत्रुओं के छत्र तले लोग परस्पर स्थूल शत्रुओं को जिया करते हैं। वे साझे सूक्ष्म शत्रु को ढाल बना लेते हैं और आपस में स्कोर सेटल किया करते हैं।" आज किसी जाति, नस्ल या धार्मिक समुदाय को इस बीमारी के प्रसार के लिए उत्तरदायी ठहरा कर बड़ी आसानी से उसे हिंसा का शिकार बनाया जा रहा है।

आर्थिक प्रणाली के तहत समान या सेनाओं के उचित आदान

प्रदान न होना आर्थिक अलगाव बोध को जन्म देता हैं। आर्थिक टूटन, निराशा, दिशाहीनता आदि आर्थिक अलगाव बोध के प्रमुख कारण हैं। इसमें पूंजीवादी सामाजिकव्यवस्था में श्रमिकों के मन में उपजे व्यवस्था के प्रति अलगाव की भावना निहित है। इस वर्ष कोरोना काल में मजदूरों, किसानों, अर्द्ध–पूर्ण बेरोजगारों का अनुभव आसानी से भुलाने वाला नहीं होगा। हमारे देश मेहनतकश मजदूरों की दुर्दशा का सिलसिला अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रत्येक दिन भूख, जिल्लत और अपने ही देश में बेगानेपन का दंश झेलते मजदूर चारों तरफ दिखाई दे रहे हैं। असंगठित–संगठित क्षेत्र के इन मजदूरों के अलावा सीमांत किसानों की भी यही स्थीति है। ऐसे में मजदूर वर्ग का व्यवस्था के प्रति अलगाव को कैसे रोका जा सकता है। इसके अतिरिक्तकोरोना काल में एक और तथ्य हमारे सामने आता है वह है– बड़ी–बड़ी सोसाइटी की चारदीवारी में रहने वाला समृद्ध वर्ग जो गरीब–विरोधी, मजदूर विरोधी है। यह वर्ग अधिकांशतरू देशभक्ति का दिखावा करता है और गरीबों के साथ दुर्व्यवहार करता है। कुछ अपवादों को छोड़कर इसे रोबर्ट राइच' समृद्धों का अलगाव'कहते हैं। इसमें अमीर कहे जाने वाले नागरिक समाज से दूर अपने निजी बंद समुदायों में सिमट जाते हैं।

इस महामारी के दौर में भारत में क्षेत्रीय स्तर पर भी अलगाव दिखाई देता है। भारत एक राज्यों का संघ केवल संविधान में लिखा हुआ शब्द नहीं है। बल्कि व्यावहारिकता में उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम के छोर तक के राज्यों के नागरिकों की एक–दूसरे पर निर्भरता और सहयोग को जरूरी बनाता है। इस प्रकार तमिलनाडु में रोजगार की तलाश में गया बिहार राज्य का कोई नागरिक भी अपने देश की हवा में जीता है और मणिपुर या असम से दिल्ली आकर अपनी प्रतिभा को निखारने वाला कोई भी व्यक्ति अपने राष्ट्र के विकास में योगदान करने को लालायित रहता है। लेकिन अदृश्य कोरोना वायरस में इतनी शक्ति है कि उसने एक राज्य से किसी दूसरे राज्य में गये नागरिकों को 'लावारिस' बनने पर मजबूर दिया। भारतीय संघ के किसी भी राज्य के किसी भी नागरिक के किसी भी राज्य में एक समान अधिकार होंगे और एक समान हैसियत होगी परन्तु वर्तमान समय में कोरोना से लड़ाई में यह आपसी निर्भरता व सहयोग भाव टूट रहा है और रोजी–रोटी व रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों में बसें लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यही असुरक्षा का भाव हमें एक देश में अपने राज्य अपने क्षेत्र के प्रति लगाव वे दूसरे राज्य प्रति अलगाव का बोध करता है। कोविड–19 ने लोगों को संकीर्ण राष्ट्रवाद की ओर भी धकेला है।

हिन्दी समीक्षा, समालोचना एवं सम्पादन कला में दक्ष (उ.प्र.) के [illegible] समीक्षक डॉ. बबलू सिंह देश के ख्यातिप्राप्त साहित्यकारों में [illegible] निष्णात हस्ताक्षर हैं, जो एम.ए. हिन्दी, बी.एड., एल.एल.बी., [illegible] नेट, पीएच.डी. तथा डी.लिट् की उपाधि से सम्मानित हैं और [illegible] चर्चित राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल्स में आपके [illegible] शोध-पत्र एवं साहित्यिक पत्रिकाओं में कई लेख, [illegible] साक्षात्कार तथा पुस्तकों में अध्याय प्रकाशित हैं। डबल ब्लाइंड पीयर रिव्यू [illegible] इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल्स में भी आपके शोध, लेख व समीक्षाएँ आदि प्रकाशित हैं। वर्तमान में आप सहायक प्रोफेसर एवं शोध निर्देशक, हिन्दी विभाग [illegible] स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा (उ.प्र.) में कार्यरत है। आप "21वीं सदी और साहित्यिक विमर्श" उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ द्वारा सम्पोषित [illegible] संयोजक है। आपके द्वारा लिखित पुस्तकें "सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की [illegible] का भाषावैज्ञानिक विवेचन" तथा "ब्रज और कौरवी बोलियों का [illegible] भाषावैज्ञानिक विवेचन" तथा "हिंदी पत्रकारिता का स्वरुपः चुनौतियाँ एवं [illegible] प्रकाशित हो चुकी है। आप 'समाजदर्शी शोध-पत्रिका (अन्तर्राष्ट्रीय [illegible] पत्रिका-त्रैमासिक)' के संपादक हैं।

आपका वर्तमान पता 1245, बैंक कालोनी, निकट [illegible] हापुड़-245101, (उ.प्र.), मोबाईल : 9412619392

ई-मेल : bssingh2015@gmail.com

डॉ. हरेन्द्र कुमार ने एम.ए., नेट, तथा पी-एच.डी. (समाजशास्त्र) विषय में उत्तीर्ण की। वर्तमान में आप सहायक [illegible] विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र तथा समन्वयक मास्टर ऑफ [illegible] लघुशोध निर्देशक, एम.एस.डब्ल्यू. के रूप में जे.एस. हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा (उ.प्र.) में कार्यरत हैं। आप "21वीं सदी और साहित्यिक विमर्श" उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान [illegible] सम्पोषित संगोष्ठी के समन्वयक है। आप समय आगम शोध पत्रिका (ISSN 0976-4682) (अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका, अर्धवार्षिक) तथा समय [illegible] पत्रिका (ISBN 0976-4682) के सह-सम्पादक है। आप साप्ताहिक [illegible] समय आगम, (Regd. No. 34354 / 24 / 2005 टी.सी.) के प्रबन्धक [illegible] कर रहे है एवं आपके 16 शोध व लेख अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की [illegible] पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

आपका वर्तमान पता फ्लैट नं : डी.805, पार्म ग्रीन सुपरटेक, [illegible] मुरादाबाद (पाकबड़ा), मुरादाबाद-244102, मोबाईल : 8899410001

ई-मेल : harendra.kmr12@gmail.com

ISBN 978-93-[illegible]

जे.टी.एस. पब्लिकेशन्स
डी-५०८, गली नं.१७, विजय पार्क,दिल्ली-११००५३

# 21वीं सदी और साहित्यिक विमर्श

डॉ. बबलू सिंह — प्रधान सम्पादक

डॉ. हरेन्द्र कुमार — मुख्य सम्पादक

उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ द्वारा संपोषित

# 21वीं सदी और साहित्यिक विमर्श

डॉ. बबलू सिंह
प्रधान सम्पादक
संयोजक - राष्ट्रीय संगोष्ठी
असि.प्रो. हिन्दी विभाग

डॉ. हरेन्द्र कुमार
मुख्य सम्पादक
समन्वयक - राष्ट्रीय संगोष्ठी
असि. प्रो. एवं विभागाध्यक्ष
समाजशास्त्र विभाग




जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महावि[illegible]
(सम्बद्ध-एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उत्तर प्र
[illegible] 244221 (उ.प्र.)

# 21वीं सदी
# और साहित्यिक विमर्श


संरक्षक/प्राचार्य

**डॉ. वी. बी. बरतरिया**

जे०एस० हिन्दू (पी०जी०) कॉलेज, अमरोहा (उ.प्र.)

प्रधान सम्पादक

**डॉ. बबलू सिंह**

सहायक प्रोफेसर हिन्दी विभाग

जे०एस० हिन्दू (पी०जी०) कॉलेज, अमरोहा (उ.प्र.)

मुख्य सम्पादक

**डॉ. हरेन्द्र कुमार**

सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र

जे०एस० हिन्दू (पी०जी०) कॉलेज, अमरोहा (उ.प्र.)

सह-संपादक

**डॉ. मन मोहन सिंह**

सहायक प्रोफेसर राजनीति विज्ञान

जे०एस० हिन्दू (पी०जी०) कॉलेज, अमरोहा (उ.प्र.)

**श्री सुरेन्द्रपाल सिंह**

जे०एस० हिन्दू (पी०जी०) कॉलेज, अमरोहा (उ.प्र.)



**जे.टी.एस. पब्लिकेशन्स**

वी-508, गली नं.17, विजय पार्क,

दिल्ली-110053

मो. 08527460252, 0999023 6819

ईमेलः jtspublications@gmail.com

डॉ. मोहम्मद आरिफ, असिस्टेंट प्रोफेसर, दूरस्थ शिक्षा केंद्र,
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

24. नारी विमर्श 179
प्रतिमा रानी, प्रवक्ता-हिन्दी, कृष्णा कॉलेज, बिजनौर।

25. स्त्री विमर्श 183
डॉ. रीतू भटनागर, असि. प्रो. हिंदी विभाग, एम.जी.एम. (पी.जी.) कॉलेज, संभल।

26. हिन्दी दलित पत्रकारिता: प्रासंगिकता का सवाल 188
डॉ. राम भरोसे, असि. प्रोफेसर (हिन्दी विभाग प्रभारी),
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय, पोखरी (क्वीली), टिहरी-गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

27. उदय प्रकाश की कहानियों में दलित विमर्श 203
रीतु, शोध छात्रा, हिन्दी विभाग, कन्या गुरुकुल काँगड़ी परिसर,
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)।

28. हिन्दी साहित्य आलोचना के नियामक: नामवर सिंह 210
ज्ञानमती वर्मा, शोध छात्रा, सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय,
भोपाल।

29. हिन्दी दलित साहित्य के प्रेरक कवि : संत रविदास 217
प्रो0 (डॉ0) शिव शंकर मंडल, हिन्दी विभाग, जी.बी. कॉलेज,
नवगछिया, (ति0 मॉ0 भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर)।

30. 21 सदीं में बदलता भारतीय राजनीतिक परिदृश्य : मुद्दे एवं चुनौतियाँ 222
डॉ. रंजना, असि.प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, चन्द्रावती तिवारी कन्या स्ना.महा., काशीपुर, जिला ऊधम सिंह नगर।

31. 'छिन्नमूल' एक सामाजिक अध्ययन 225
संगीता सोलंकी, शोध छात्रा, हिंदी विभाग, एन.ए.एस. कॉलेज, मेरठ।

32. वर्तमान परिवेश में स्त्री विमर्श का मूल्यांकन 236
डॉ0 सुनील कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग,
श्री शालिगराम शर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रासना, मेरठ।

33. दलित विमर्श के प्रतिमान 241
अज़ीज़ अहमद, नगर पंचायत फरीदपुर, तहसील बहेड़ी, जिला-बरेली।

34. प्रवासी साहित्यकार रामदेव धुरंधर के साहित्य में धार्मिक विचारों का निरूपण 244
सुमन फुलारा, एम.बी.पी.जी.कॉलेज, हल्द्वानी,
(कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल)

35. जलवायु परिवर्तन से निबटने को दो कदम आगे हैं हम 248
अंजूलिका, एन.के.बी.एम.जी.कॉलेज, चन्दौसी।
डॉ.कादम्बरी मिश्रा, प्रवक्ता (संस्कृत), एस.एम.कॉलेज चन्दौसी।
डॉ.आर. के. मिश्रा, पर्यावरण विभाग, के.के.एस.महाविद्यालय, नरौली (सम्भल)

# 21 सदीं में बदलता भारतीय राजनीतिक परिदृश्य : मुद्दे एवं चुनौतियाँ

डॉ. रंजना
असि.प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान
चन्द्रावती तिवारी कन्या स्ना.महा.
काशीपुर, जिला ऊधम सिंह नगर।

किसी भी समाज और विशेष रूप से लोकतंत्र में नागरिकों की रक्षा के लिए ऐसे संस्थान आवश्यक हैं जो कानून का राज सुनिश्चित कर सकें। इसमें लोकतंत्र के तीन स्तम्भ–व्यवस्थापिका, कार्यपालिका औरन न्यायपालिका के साथ केन्द्रीय बैंक, जांच एजेन्सी, और सरकार के बहीखाते का ऑडिट करने वाला (कन्ट्रोलर एण्ड ऑडीटर जनरल ऑफ इंडिया) जैसी सहयोगी संस्थायें भी शामिल हैं. सच यह भी है कि इन संस्थाओं को मनुष्य चलाते हैं, जिनके हमेशा ही निष्पक्ष होने की गारंटी नहीं दी जा सकती। इसके अतिरिक्त मार्केट भी हमेशा ही सही नहीं होता और ना ही सूचनायें पूर्ण रूप से संतुलित होती हैं, उदार लोकतंत्र में सभी बडे संस्थानों को स्वतंत्र रूप से चलाया जाना जरूरी है, लेकिन लोकतंत्र इन संसथाओं से जबाबदेही की मांग भी करता है इसके लिए नीतिगत बदलाव में दो लक्ष्यों को साधना होता है– प्रथम संस्थान के कामकाज में राजनीतिक दखलंदाजी न हो और उसकी स्वायत्ता बनी रहे, दूसरे गवर्नेस सिस्टम में जबाबदेही। कुछ साल के अन्तराल पर संस्थान की स्वायत्ता और जबाबदेही की पड़ताल भी करती रहनी चाहिए। विशेष रूप में आज के डिसरप्टिव यानी भारी उथल पुथल वाले समय में यह आवश्यक हो गया है कई लोग मानते हैं कि डिसरप्शन केवल नागरिकों के लिए सामाजिक बदलाव निशानी है और सरकारी संस्थान इससे बेअसर रहते हैं लेकिन सभी सस्थाओं और उसमें नियुक्तियों से सम्बन्धित सभी विशयों में इसकी आवश्यकता है, साथ ही देश में ऐसे कई संस्थान भी हैं जिनकी ताकत उनका नेतृत्व करने वालों की निजी हैसियत से तय होती है जिसमें रिटायर्ड नौकरशाह शामिल हैं, जो कई नियामकीय संस्थाओं के प्रमुख बन जाते हैं जो कमीशन और ट्रिब्यूनल के प्रमुख बनाये जाते हैं।

21वीं सदी के भारत को नये नैरेटिव की आवश्यकता है। 3 लाख करोड़ डालर के साथ हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और अगले लोकसभा चुनाव तक भारत को 5 लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि संस्थानिक स्तर पर इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को लेकर कोई झलक नहीं दिख रही है। उदारीकरण से पहले सरकारी नियंत्रण को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई जाती थी तब उद्योगों के राष्ट्रीयकरण का दौर था, टैक्स की दरे बहुत ऊँची थी और लेबर पॉलिसी पर भी सरकारी नियंत्रण वाले विचारों की छाप थी। उदारीकरण के बाद वर्षों में नीतियां तुलनात्मक तौर पर फ्रेंडली रही हैं।

21वीं सदी के भारत को चाहिए कि आज की आवश्यकताओं को पूरी करने वाली संस्थाओं तथा समय के साथ बदले हुए संस्थाओं के रूप के आधार पर स्वयं को ढाल लें तभी भारत की आधुनिक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। पिछले पांच वर्षों



